समाचार

महापौर ने वरिष्ठजनों को किया कम्बल का वितरण

कोरबा 25 दिसम्बर 2020 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 14 में 11 वरिष्ठजनों को कम्बल का वितरण किया। उन्होने उनके स्वास्थ एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली तथा उनके उत्तम स्वास्थ की कामना की। इस अवसर पर एल्डरमेन एस.मूर्ति, पूर्व पार्षद रामगोपाल यादव, वरिष्ठ नागरिक चन्द्रशेखर पाण्डेय, मंदाकिनी चन्द्रा, दिव्या चौहान, रामकुमार चन्द्रा, लक्ष्मी पटेल, सुनीता केंवट आदि उपस्थित थे।

यहां उल्लेखनीय है कि बढ़ती ठंडी को देखते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विभिन्न जोनांतर्गत निवास करने वाले शासन से पेंशन प्राप्त वृद्धजनों को कम्बलों का वितरण कराया जा रहा है, जिला खनिज न्यास मद 2019 के तहत हथकरघा विभाग के माध्यम से निगम को 2000 कम्बल उपलब्ध कराए गए थे। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा दर्री तहसील कार्यालय के उद्घाटन के दौरान वृद्धजनों को कम्बल वितरित कर कम्बल वितरण कार्य का शुभारंभ किया गया था, जिसके पश्चात निगम द्वारा वार्ड पार्षदों के सहयोग से कम्बलों का वितरण पेंशन प्राप्त वृद्धजनों को लगातार कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 14 में 11 वृद्धजनों को कम्बलों का वितरण किया। उन्होने वरिष्ठजन मस्तराम गोंड़, मथुरा आदित्य, रामेश्वर यादव, रथलाल चन्द्रा, देवचरण चन्द्रा, बहरता मांझी, हेमलाल केंवट, लक्ष्मी पटेल, भोलू, शेषनारायण एवं रघुप्रसाद ठाकुर को कम्बल प्रदान किए, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी, उनके स्वास्थ एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली तथा उत्तम स्वास्थ की कामना की।